Sixteenth Loksabha

>

Title: Regarding infiltration from Bangladesh.

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा): अध्यक्ष महोदया, मुझे आपका संरक्षण चाहिए। मैं 10 सालों से यहां सांसद हूं और कोई ऐसा सैशन नहीं गया, जब मैंने बंगलादेशी घुसपैठियों के मुद्दे को नहीं उठाया। महोदया सामने आप जो देख रही हैं, ये मेरे कंसर्न का सबसे बड़ा विषय है। जो बंगलादेशी घुसपैठियों का केन्द्र बिन्दु है, जहां से बंगलादेशी घुसपैठिये आ रहे हैं, वह पश्चिम बंगाल है। पश्चिम बंगाल की सरकार नारदा, सारदा, रोजवैली आदि के लोगों को प्रोटैक्ट कर रही है, केन्द्र सरकार के खिलाफ उसने वार पैदा कर दिया है। पूरे के पूरे बंगलादेशी घुसपैठियों के आने का दूसरा यही मुख्य कारण है। वहां से आने वाले मुसलमानों को ये इसी तरह से प्रोटैक्ट कर रहे हैं। ये वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। एक तरफ इन्हें भ्रष्टाचारियों को प्रोटैक्ट करना है और दूसरी तरफ बंगलादेशियों को प्रोटैक्ट करना है। इसके कारण चाहे मेरा जिला गोड्डा हो, देवघर हो, बिहार के जिले किशनगंज या अररिया हो या इनके जिले मालदा, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर या कूचबिहार हों, इन सारी जगहों का डेमोग्राफी बदल गया है।

जिस तरह से इन्होंने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर केन्द्र सरकार के साथ हैडऑन लिया है तथा आपने देखा कि जिस तरह से एक पुलिस अफसर वहां बैठा हुआ है, आप समझ सकते हैं कि वोट बैंक की राजनीति में ये किस तरह से बंगलादेशियों को प्रोटैक्ट कर रहे हैं। मेरा आग्रह है कि पूरे देश भर में एन.आर.सी. लागू करिए, इन भ्रष्टाचारियों को जेल भेजिए और सुश्री ममता बनर्जी सरकार को बर्खास्त करके कम से कम इस देश के साथ न्याय करिए तथा वहां राष्ट्रपति शासन लागू करिए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: श्री ए.टी.नाना पाटील, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री शिव कुमार उदासि, श्री देवजी एम.पटेल, श्री कपिल मोरेश्वर पाटील, श्री राजेन्द्र अग्रवाल, श्री जॉर्ज बेकर, श्री राघव लखनपाल, श्री रामचरण बोहरा, श्री सुधीर गुप्ता, प्रो.रिचर्ड हे, श्री प्रहलाद जोशी, श्री शरद त्रिपाठी तथा श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री निशिकान्त दुबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।